अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023

कक्षा-12

विषय -इतिहास

SET-B

**समय -3 घंटा** **पूर्णांक-80 अंक**

**निर्देश-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 7 अंक एवं सत्य /असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न है।प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं|

4, प्रश्न क्रमांक 6 से15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)

5, प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं| (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)

6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए4 अंक निर्धारित हैं| (शब्द सीमा अधिकतम120 शब्द)

7. प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है। मानचित्र को भरकर उत्तरपुस्तिका में संलग्न करें |

**1.निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए- 6 अंक**

(i)सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं।

(अ) रोपड़ (ब) कालीबंगा

(स) शॉर्तुघई (द) बनावली

(ii) बी. एस. सुकथानकर थे।

(अ) चिकित्सक (ब) पुरातत्वविद

(स) संस्कृत विद्वान (द) इतिहासकार

(iii) गांधार कला धर्म से संबंधित है।

(अ) बौद्ध (ब) जैन

(स) हिन्दू (द) इस्लाम

(iv) सिक्ख पंथ के दसवें गुरु थे।

(अ) गुरु तेगबहादुर (ब) गुरु अंगद

(स) गुरु गोविंद सिंह (द) गुरु रामदास

(v) अबुल फजल मुख्यतः दरबारी इतिहासकार था।

(अ) बाबर (ब) अकबर

(स) शाहजहाँ (द) हुमायूँ

(vi) महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत वापिस आए।

(अ) 1914 (ब) 1915

(स) 1913 (द) 1916

**2- रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – 7 अंक**

(i) मोहन जोदड़ों का शाब्दिक अर्थ .... है।

(ii) महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं .... .. में हैं।

https://www.mpboardonline.com

(iii) तैवर्नियर ने कम से कम .... .. बार भारत की यात्रा की।

(iv) अमुक्त माल्यद .... की रचना है।

(v) अमेरिकी गृह युद्ध ने भारत के ....व्यापार को बढ़ावा दिया।

(vi) अवध को बंगाल आर्मी की ...... कहा जाता था।

(vii) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के 1929 के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष -------- थे।

**3 – सही जोड़ी बनाइये –** **6 अंक**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| I. | अलेक्जेंडर कनिघंम | (अ)जैन धर्म |
| II. | मैगस्थनीज | (ब)इस्तमरारी बंदोबस्त |
| III. | ऋषभ देव | (स)भारतीय पुरातत्व के जनक |
| IV. | अलबिरुनी | (द)इंडिका |
| V. | दीवान | (इ)किताब-उल-हिन्द |
| VI. | लॉर्ड कार्नवालिस | (फ)वित्तीय व्यवस्था |

**4- निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए- 7 अंक**

I. हड़प्पा सभ्यता किस पशु की पूजा की जाती थी

II. आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध विधि ग्रंथ कौनसा है?

III. सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार किसने करवाया?

IV. छोटा गणराज्य किसे कहा गया है?

V. पाँचवी रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में कब प्रस्तुत की गई?

VI. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?

VII. अनुच्छेद 356 क्या है?

**5- निम्न लिखित में सत्य / असत्य लिखिए-** 6 अंक

I. प्रभावती गुप्त वाकाटक वंश की राजकुमारी थी।

II. धर्म शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाहों का वर्णन है।

III. सती प्रथा का वर्णन निकितिन ने किया है।

IV. अप्पार एक नयनार संत थे।

V. विजयनगर के देवता विट्ठल भगवान शिव के रूप माने जाते हैं।

VI. पेशकश मुगल राज्य द्वारा ली जाने वाली एक भेंट थी।

6 - सिंधु घाटी सभ्यता के कोई चार नगरों के नाम लिखिए। 2 अंक

अथवा

सिंधु घाटी वासियों के धार्मिक जीवन की दो विशेषताएं लिखिए

7 - अल-बिरुनी कहाँ का निवासी था?वह गजनी कैसे पहुँचा? 2 अंक

अथवा

बर्नियर ने शिविर नगरों का क्या वर्णन किया है?

8 - उलमा किसे कहते हैं? 2 अंक

अथवा

बासवन्ना कौन थे, लिखिए ?

https://www.mpboardonline.com

9 - रायचूर दोआब के बारे में वर्णन कीजिए। 2 अंक

अथवा

विजयनगर में शासन करने वाले राजवंशों के नाम लिखिए।

10 - जिंस-ए-कामिल में कौन सी फसलें शामिल थीं? 2 अंक

अथवा

सत्रहवीं शताब्दी में किसानों के दो मुख्य वर्गों के नाम लिखिए।

11 - संथाल विद्रोह कब और किसके नेतृत्व में हुआ? 2 अंक

अथवा

पहाड़िया कौन थे ?

12 - 1857 का विद्रोह कब और कहाँ से प्रारंभ हुआ? 2 अंक

अथवा

1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था?

13 – गांधी इरविन समझौते की कोई दो शर्तें लिखिए। 2 अंक

अथवा

पहला गोलमेज सम्मेलन कब और कहाँ हुआ था?

14 – संविधान सभा के चार प्रमुख सदस्यों के नाम लिखिए। 2 अंक

अथवा / or

अंतरिम सरकार के चार सदस्यों के नाम लिखिए ।

15 – संविधान के मसविदे में विषयों की कितनी सूचियां बनाई गई थीं?नाम लिखिए। 2 अंक

अथवा

लोकतंत्र की सफलता के लिए गोविंदवल्लभ पंत ने क्या विचार दिया?

16 – धर्म शास्त्रों में संपत्ति पर स्त्री और पुरुष के किन अधिकारों का वर्णन किया गया है? 3 अंक

अथवा

महाभारत को एक गतिशील ग्रंथ क्यों कहा गया है?

17 – बौद्ध धर्म की प्रमुख शिक्षाएं लिखिए । 3 अंक

अथवा

जैन धर्म की महत्वपूर्ण शिक्षाओं का वर्णन कीजिए।

18 – राक्षसी तंगड़ी ( तालिकोटा )युद्ध का वर्णन कीजिए। 3 अंक

अथवा

विजयनगर के प्रशासन में अमरनायक प्रणाली की भूमिका लिखिए.

19 – अवध के अधिग्रहण में ब्रिटिश शासन की रुचि के कारण लिखिए। 3 अंक

अथवा

1857 के विद्रोह के संदेश का प्रचार-प्रसार किस प्रकार हुआ?

20 – महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएं लिखिए। 4 अंक

अथवा

https://www.mpboardonline.com

मौर्य साम्राज्य की जानकारी के स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।

21 – कर्नाटक की वीरशैव परंपरा का वर्णन कीजिए। 4 अंक

अथवा

गुरु नानक जी के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए।

22 – चरखे को राष्ट्रवाद का प्रतीक क्यों चुना गया? 4अंक

अथवा

महात्मा गांधी स्वयं को आम लोगों की तरह दिखाने के लिया क्या करते थे?

23 – भारत के मानचित्र पर निम्नांकित को दर्शाइए: 4 अंक

(i) लोथल
(ii) वैशाली
(iii) मथुरा
(iv) अमरावती


अथवा

भारत के मानचित्र पर निम्नांकित को दर्शाइए:

(i) देहली
(ii) गिरनार
(iii) सारनाथ
(iv) उज्जयिनी

प्रश्न 23. के लिए मानचित्र

https://www.mpboardonline.com


N